तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 मकर संक्रांति पर रानी कुंडी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब



## खबर संक्षेप

### परशुराम चौक पर संगीतमय भागवत कथा आज से

वाड्रफनगर। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 16 जनवरी से 23 जनवरी तक परशुराम चौक के पास आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा पश्चात भागवत कथा एवं संगीतात्मक वर्णन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक होगी। सुदामा चरित्र, फलों की होली के साथ कथा का समापन एवं 23 जनवरी को हवन-पूजन एवं पूर्णाहूति होगी।

### फाईलेरिया मुक्ति अभियान अंतर्गत 10 फरवरी से खिलाई जाएगी दवा

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ डॉ पीएस मार्को के निर्देशानुसार जिले में फाईलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के उद्देश्य से वर्ष 2026 में सामूहिक दवा सेवन अभियान में 10 से 25 फरवरी तक फाईलेरिया रोधी दवा पूरे योग्य जनसमूह को खिलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयं सेवकों के माध्यम से लक्षित जनसंख्या को निःशुल्क दवाइयां (एल्बेंडाजोल, डीईसी, आईवरमेक्टिन) खिलाई जायेगी। दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी नागरिकों को दवा सेवन कराया जाएगा। यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है एवं फाईलेरिया रोग के बचाव हेतु अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि दवा सेवन अवश्य करें एवं अभियान को सफल बनाने में योगदान देवे। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया परजीवी से ग्रसित क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा मनुष्यों में रोग का संचार होता है। क्यूलेक्स मच्छर गंदे पानी में पनपते है। इसलिये अपने आस-पास पानी जमा होने न दें और गंदगी फैलने से रोकें। इस रोग में दिखाई देने वाले लक्षणों में हाथ व पैर सूजन मोटापन, पुरुषों में अंडकोष में सूजन तथा महिलाओं में स्तनों में सूजन होते हैं। परजीवी संक्रमण के पश्चात 5-6 वर्षों में लक्षण दिखाई देते हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म करने मामले में पंचायत सचिव गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने एक पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया



है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम करतमा निवासी 47 वर्षीय पंचायत सचिव गौतम प्रधान पिता तीरथ प्रधान द्वारा गत दिनों एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगे हैं ,मामले में पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर गुरुवार को पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। उक्त कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, सहायक उपनिरीक्षक मनोज द्विवेदी, प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का,आरक्षक सुरेश साहू, नीरज झा, हरिशंकर, आसिफ अख्तर व अन्य सक्रिय रहे।

### ढलान में पीछे जा रही बस को रोक रहा खलासी आया चपेट में, मौत

**अम्बिकापुर।** शहडोल अंतर्गत दरभंगा चौक समीप निवासी अख्तर नवाज खान आ. स्व. हैदर अली (36 वर्ष ) टूरिस्ट बस में खलासी का काम करता था। गत दिन कुछ लोगों को टूरिस्ट बस से शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित दबखड़ी झरना लेकर आए थे जहां टूरिस्ट पिकनिक मनाने चले गए। इसी बीच ढलान में खड़ी बस अचानक पीने जाने लगी जिसे देख खलासी अख्तर नवाज गुटखा लगाकर रोकने की कोशिश करने लगा तभी बस उसके ऊपर से गुजर गई जिससे खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल खलासी को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत खलासी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## 6 मकानों को किया गया जमींदोज, जिला न्यायालय भवन का होना है निर्माण

# गुलाब कॉलोनी में बने मकानों पर फिर से चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को एक बार फिर से जिला प्रशासन ने गुलाब कॉलोनी में एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। जिला न्यायालय के भवन निर्माण हेतु आबंटित भूमि को खाली कराने नजूल की टीम ने मकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने मौके पर 6 दुकानों व मकानों को जमींदोज करने की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस की मौजूदगी में अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई पूर्ण की।

**खास बात**

- अधिवक्ता संघ की मांग के बाद हो रही कार्रवई

बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण हेतु शासन से 4602.52 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। न्यायालय के भवन निर्माण हेतु भूमि के आबंटन को लेकर लम्बे समय तक विवाद की स्थिति बनी रही और चठिरमा में जमीन का आबंटन का अधिक्वाताओं ने विरोध किया जिसके बाद आखिरकार न्यायालय के लिए पूर्व से आबंटित गुलाब कॉलोनी को खाली कराकर भवन निर्माण का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा गुलाब कॉलोनी में निर्मित 13 शासकीय मकानों को हटाने के लिए कार्रवाई शुरू की गई थी। कार्रवाई के तहत प्रशासन ने 13 नवम्बर 2025 को शासकीय मकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण खाली कराया था लेकिन इसके साथ ही कॉलोनी के निजी मकानों पर कार्रवाई नहीं हो पाई थी। गुलाब कॉलोनी में बने 6 मकानो को खाली कर कब्जा हटाने को लेकर पूर्व में नजूल तहसीलदार के माध्यम से बेदखली का नोटिस जारी हुआ था जिसके बाद वे एसडीएम, कमिश्नर न्यायालय में अपील की जबकि 7 जनवरी को रेवेन्यू बोर्ड ने भी प्रकरण खारिज कर दिया। वहीं बुधवार को पुनः सभी को मकान खाली करने का अंतिम मौका दिया गया जिसके बाद गुरुवार को एसडीएम फागेश सिन्हा की मौजूदगी में नजूल व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची थी।



अतिक्रमण हटाते अधिकारी।



घर के बाहर बिखरा पड़ा सामान व विलाप करतीं महिलाएं।

### आनन-फानन में खाली किया गया मकान

गुरुवार को जब प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची तो हड़कंप मच गया। लोग अधिकारियों के सामने रोते और मिन्नतें करते नजर आए। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें पूर्व में ही समय दिए जाने का हवाला दिया जिसके बाद आनन फानन में लोगों ने अपने घरों के सामान खाली किए। सामान खाली किए जाने के बाद प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक कार्रवाई का सिलसिला जारी था।

**50-60 वर्षों से कर रहे निवास**

इधर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। मनोज सिंह, जितेश गोयल, मुमताज बेगम सहित अन्य का कहना है कि वे इस स्थान पर पिछले 50-60 वर्षों से रह रहे है। प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ सिविल सूट में चल रहा है लेकिन अधिकारी जवाब नहीं दे रहे है। पट्टे का आवेदन राजस्व सचिव के यहां लंबित है, हाईकोर्ट में भी प्रकरण है, 4 सप्ताह का समय दिया गया लेकिन अधिकारी जवाब नहीं दे रहे है। 152 प्रतिशत में भी उन्हें जमीन का पट्टा नहीं दिया गया जबकि कुछ लोगों को पट्टा मिला। लोगों का कहना है कि उन्हें 14 जनवरी की सुबह नोटिस जारी किया गया और गुरुवार को अधिकारी कार्रवाई करने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंच गए।

### होना है न्यायालय भवन निर्माण

न्यायालय परिसर से लगे गुलाब कॉलोनी में 6 कब्जाधारी के अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। उक्त भूमि न्यायालय परिसर को आबंटित है। नवीन न्यायालय भवन निर्माण शुरू करना है। पूर्व में ही बेदखली का आदेश जारी हो चुका है। रेवेन्यू बोर्ड से भी प्रकरण खारिज हो चुका है। सभी को पर्याप्त समय दिया गया जिसके बाद अतिक्रमण हटाया गया है।

-फागेश सिन्हा
एसडीएम

# वाड्रफनगर के पूर्व सीईओ की एफआईआर रद्द करने पेश याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाईकोर्ट ने बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने पेश की गई याचिका को खारिज कर दिया है। सीईओ के खिलाफ वाड्रफनगर बसंतपुर पुलिस ने फर्जी वर्क आर्डर जारी कर शासन को 30 लाख रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप में धारा 467, 468, 420, 409 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 7(1-13) के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया है।

- शासकीय धन के दुरुपयोग पर दर्ज हुआ था मामला, बदल बेंच ने की सुनवाई

याचिकाकर्ता श्रीमती ज्योति बबली कुजूर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ थी। कलेक्टर ने कार्य विभाजन कर उन्हें वाड्रफनगर में पदस्थ किया था। वाड्रफनगर जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ रहने के दौरान वेद प्रकाश पांडेय ने उनके खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग करने की शिकायत की। इस पर 30 अप्रैल 2020 को बसंतपुर पुलिस ने उनके खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके साथ ही विभागीय जांच भी कराई गई। सामान्य प्रशासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की। इस पर पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया है। इसके खिलाफ उन्होंने याचिका पेश कर पुलिस चौकी-वाड्रफनगर पुलिस स्टेशन, बसंतपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में याचिकाकर्ता के खिलाफ धारा 467, 468, 420, 409 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7(1-13) के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द करने, अतिरिक्त सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार, कानून और विधायी कार्य विभाग, रायपुर द्वारा अभियोजन के लिए दी गई मंजूरी को रद्द करने की मांग की गई।

**मामले में हस्तक्षेप से किया इंकार**

याचिका में कहा गया कि एसडीओपी वाड्रफनगर से व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। याचिकाकर्ता के खिलाफ विभागीय जांच की कार्रवाई शुरू की गई और पूरी विभागीय जांच पूरी होने के बाद 28 जुलाई 2021 के आदेश से याचिकाकर्ता को आरोप से बरी कर दिया गया है। इस आधार पर याचिका को स्वीकार करने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डीबी में सुनवाई हुई। कोर्ट डीबी ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से मुख्य दलील यह है कि पूरी क्रिमिनल कार्रवाई उस समय के एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल के बीच पर्सनल दुश्मनी का नतीजा है, जिन्होंने कथित तौर पर उसे झूठा फंसाने की धमकी दी थी। रिकार्ड देखने से साफ है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ वेद प्रकाश पांडेय शिकायत दर्ज कराई है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए तर्क मूल रूप से सबूतों के मूल्यांकन की मांग करते हैं, जो पूरी तरह से ट्रायल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप से इंकार करते हुए याचिका को खारिज किया है।

# मवेशी तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सलका अघिना।** सलका मुख्य मार्ग पर सोमवार की शाम दतिमा की तरफ से एक पिकअप वाहन जेएच 13 एच 4660 आ रहा था जो पूरी तरह से काले प्लास्टिक से कवर था। गाय अपने सिंग से प्लास्टिक को फाड़ दिया था। इस बीच मवेशियों के आवाज आने पर सलका के राजेश गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, राजा गुप्ता, प्रमोद गुप्ता ने गाड़ी को रुकवाया तो पाया कि पिकअप के अंदर दो लोग बैठे थे और पिकअप वाहन में तीन गाय,तीन बछिया और एक बछड़ा ठूस ठूस कर भरा गया था जिसमें बछड़ा चोट ग्रस्त हो गया था। पिकअप चालक और सवारी से पूछने पर मवेशियों के संबंध में दस्तावेज की मांग की पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। बूचड़खाना ले जाने की आशंका पर भटगांव थाने में सूचना दी। जिस पर भटगांव पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए मवेशियों को सलका के गौ आश्रम धाम सलका के सुपुर्द किया। पुलिस ने ड्राइवर विकास कुमार सिंह (21 वर्ष), संजय राम, एनुअल अंसारी को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4,6,10 एवं 2004, 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, संजय सिंह, भुवनेश्वर केरकेट्टा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश पटेल, विनोद सिंह, विश्व रंजन सिंह सक्रिय रहे।



# गौचर भूमि की अवैध बिक्री के मामले में सूरजपुर एसडीएम ने दिए एफआईआर दर्ज कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम कमलपुर में शासकीय गौचर मद की भूमि की बिना कलेक्टर अनुमति अवैध बिक्री करने मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सूरजपुर ने तहसीलदार लटोरी को निर्देश जारी करते हुए आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिक अपराध दर्ज कराने के आदेश दिए हैं,प्रशासन को प्राप्त शिकायत एवं संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम कमलपुर स्थित खसरा नंबर 1 रकबा 19.16 एकड़ भूमि शासकीय गौचर मद में दर्ज है। जांच में पाया गया कि वर्ष 1995-96 के पुनः सर्वेक्षण के दौरान खसरा नंबर 86 एवं 87 से भूमि का गलत विभाजन कर नया खसरा नंबर तैयार किया गया, जिसे बाद में गौचर भूमि के रूप में दर्ज किया गया,संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि हल्का पटवारी द्वारा खसरा नंबर 1/14 एवं 1/27 की भूमि बिक्री हेतु गलत चौहद्दी तैयार की गई,आरोप है कि लक्ष्मी कुमार, बनारसी,अंकित दुबे एवं दिलीप दुबे द्वारा आपसी मिलीभगत से शासकीय भूमि की खरीद–फरोख्त की गई और इसे निजी भूमि दर्शाते हुए रजिस्ट्री करा दी गई। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि यह कृत्य गंभीर प्रशासनिक लापरवाही एवं आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है ,इसी आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने थाना जयनगर, जिला सूरजपुर में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन ने तहसीलदार लटोरी को की गई कार्रवाई की जानकारी शीघ्र कार्यालय में प्रस्तुत करने के भी आदेश दिए हैं। इस मामले के उजागर होने के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। उक्त गंभीर मामले में आगे और भी अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की जांच की संभावना जताई जा रही है।

# धान खरीदी केंद्र उमापुर में किसान एवं कर्मचारियों के बीच मारपीट

**अम्बिकापुर।** धान खरीदी केंद्र उमापुर में किसान एवं कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने घटना की शिकायत थाने में की है। विकास खण्ड रामानुजनगर के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र उमापुर में 12 जनवरी को किसान सहोदर धान बेचने के लिए सुबह 9 बजे समिति गया तो उससे प्रवेश शुल्क 1 हजार रुपये नगद, बरदाना देने के 500 रुपये नगद एवं धान तौलने को लेकर 15 रुपये प्रति बोरी एवं शराब की मांग की गई। जिसका विरोध करने पर किसान एवं समिति कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद देखते देखते मारपीट में बदल गया, जिसकी शिकायत दोनो पक्षो द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वही समिति प्रबंधक देवकी नंदन साहू की शिकायत धान खरीदी एवं केसीसी हेतु पैसे लेन देन की शिकायत कई बार किया जा चुका है, किसान सहोदर के पुत्र कार्तिक गुप्ता द्वारा लिखित शिकायत राजस्व अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर को किया गया है, जिसकी जांच अभी तक नहीं हो सकी है। समिति में निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है, लेकिन घटना के समय का सारा रिकॉर्डिंग डिलीट कर दिया गया।



# मजदूरी कराने के नाम पर जंगल में लेजाकर लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मजदूरी कराने के नाम पर एक युवक को जंगल में लेजाकर उसके साथ मारपीट और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नशेड़ी किस्म के युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया था।

बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम केदली निवासी 18 वर्षीय देवलाल आ. लक्ष्मण राम को 30 दिसम्बर को दो युवक रास्ते में मिले और कुआं में मशीन डालने के लिए एक आदमी की जरूरत होने की बात कही। बदमाशों ने युवक को मजदूरी देने का भी झांसा दिया। इस दौरान झांसे में आकर युवक उनके साथ बाइक पर बैठ गया जिसके बाद वे उसे जबरन जंगल की तरफ ले गए और जान से मारने की धमकी देकर उसके पास रखे मोबाइल फोन और 6 सौ रुपए नगद को लूट लिया और भाग निकले। घटना के बाद युवक किसी तरह जंगल से बाहर आया और स्थानीय लोगों से लुटेरों के बारे में जानकारी हासिल करने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने जांच उपरांत कुसमी बाजार पारा निवासी सुलेमान व नवडीहा निवासी इस्तखार उर्फ बाबू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 309(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## डीईओ ने जारी किया अंतिम कारण बताओ नोटिस

# बिना पूर्व सूचना 22 शिक्षक व कर्मचारी वर्षों से अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। लम्बे समय से लापता चल रहे शिक्षक समेत 22 कर्मचारियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने अंतिम कारण बताओं नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस का जवाब एक सप्ताह के भीतर जमा नहीं करने पर शिक्षक व कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के लगभग 10 से अधिक शिक्षक समेत कर्मचारी, अधिकारी समेत 22 लोग लम्बे समय से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे है। इन शिक्षक व कर्मचारियों ने विभाग से कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं कराया है। ऐसे में जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित 22 शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर द्वारा अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीईओ द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम स्वीकृति के लंबे समय तक अनुपस्थित रहना कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के उपनियम-03 एवं उपनियम-07 के प्रतिकूल है। इस कृत्य के लिए संबंधित कर्मचारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-10 के अंतर्गत दीर्घशास्ति के भागी हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र दिनांक 22 मार्च 2018 का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि कोई भी शासकीय सेवक यदि तीन वर्ष से अधिक की निरंतर अवधि तक कर्तव्य से अनुपस्थित रहता है, तो उसे शासकीय सेवा से त्यागपत्र दिया हुआ माना जाएगा। इसके अतिरिक्त सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) के दिनांक 14 मई 2024 के पत्र के अनुक्रम में संबंधित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि संबंधित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अंतिम कारण बताओ नोटिस की प्राप्ति के सात दिवस के भीतर अपना प्रतिउत्तर उचित माध्यम से कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित समय-सीमा में अथवा समाधानकारक प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार सेवा से हटाने अथवा पदच्युत किए जाने की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की स्वयं की होगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के हितों एवं शैक्षणिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने हेतु अनुशासन सर्वोपरि है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

## कोरिया की 90 सदस्यीय टीम ने बढ़ाया मान



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वावधान में ग्राम दुधली, जिला बालोद में 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में छग ने राष्टीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस जंबूरी में देशभर से लगभग 13 हजार रोवर-रेंजर शामिल हुए। जंबूरी में जिला कोरिया की 90 सदस्यीय टीम ने सहभागिता करते हुए सेवा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका द्वारा किया गया। राष्टीय युवा दिवस पर कोरिया जिले के स्काउट-गाइड्स ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। जंबूरी में छग को 15 नेशनल सर्टिफिकेट व फ्लैग प्राप्त हुए। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्काउट-गाइड आंदोलन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## विधायक को बचाने सड़क पर उतरी पार्टीः भाजपा

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है।



भाजपा एमसीबी के जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूरी तरह अपना नैतिक अधिकार खो दिया है और अब वह किसानों की नहीं, बल्कि अपराध और भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं की पार्टी बन चुकी है। श्री द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस विधायक बलेश्वर साहू की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस विधायक पर गंभीर आरोप हैं, उसे बचाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूरी पार्टी एकजुट होकर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनें अजीत

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजीत लकड़ा को शिवपुर चरचा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री लकड़ा ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव का आभार व्यक्त किया। श्री लकड़ा ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

## सरगुजा ओलम्पिकः पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी

**मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा संभाग का अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र खेल प्रतिभाओं की अपार नैसर्गिक क्षमता से परिपूर्ण है। इस क्षमता को पहचानकर ग्रामीण युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल कौशल को निखारने तथा उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त विकासखंडों में खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। पूर्व में निर्धारित पंजीयन अवधि में संशोधन करते हुए अब खिलाड़ियों को 25 जनवरी तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई है।

### पैलेस के समीप बचरापोड़ी मार्ग पर हादसा

# सड़क हादसे में दो नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली अंतर्गत बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग युवकों की मौत हो गई, वहीं एक अन्य बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी की देर शाम स्थानीय पैलेस के पीछे बचरापोड़ी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार ग्राम नरसिंहपुर निवासी महेश सिंह उम्र 25 वर्ष अपनी बाइक से ग्राम पतरापाली निवासी लक्की उम्र 15 वर्ष तथा मुन्ना उम्र 14 वर्ष के साथ बैकुंठपुर आया था और शाम के समय तीनों बाइक में सवार होकर घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान कोरिया पैलेस के पीछे बचरापोड़ी मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को तेज रफ्तार से ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर गए। घटना की सूचना पर तत्काल एम्बुलेंस पहुंची और तीनों





मृत युवक।

घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया , जहां ग्राम पतरापाली निवासी लक्की उम्र 15 वर्ष तथा मुन्ना उम्र 14 वर्ष को जांच पश्चात चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक चालक महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

### हेलमेट नहीं, आई गंभीर चोट-

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में मृतक नाबालिग हेलमेट नहीं पहने थे, जिसकी वजह से अज्ञात कार की जोरदार ठोकर से दोनों मृतकों के सिर फट गए थे। सूत्रों के अनुसार अज्ञात कार और बाइक चालक दोनों तेज रफ्तार से थे। मृतक नाबालिग यदि हेलमेट पहने होते तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी।

### मामले की जांच की जा रही

सड़क दुर्घटना के इस मामले में ठोकर मारने वाली अज्ञात वाहन की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज ली जा रही है, ताकि अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लेकर जांच में जुट गई।

# मकर संक्रांति पर रानी कुंडी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिले के प्रसिद्ध रानी कुंडी तीर्थ स्थल में आज मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रानी कुंडी धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रानी कुंडी परिसर में पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन और दूर-दराज से आए दर्शनार्थी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की सराहना की तथा स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके विचार भी जाने। इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने रानी कुंडी धाम के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रानी कुंडी धाम को गौमुख धाम के नाम से भी जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार यह स्थल धौरेल राजा की रानियों के स्नानागार के रूप में प्रसिद्ध रहा है और यहीं उनका समाधि स्थल भी स्थित है। उन्होंने कहा कि यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, अत्यंत रमणीय और पवित्र है, जहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थापित है। मंत्री ने बताया कि रानी कुंडी धाम केवल धार्मिक आस्था का केन्द्र ही नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक भी है। मकर संक्रांति मेले में 100 से अधिक जनजातीय सांस्कृतिक दल शामिल हुए हैं, जो शैला, शुगा और कर्मा जैसे पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दे रहे हैं।



पूजा-अर्चना करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

# रक्तदान से जरुरतमंद की बचती है जानः रत्ना

**मनेन्द्रगढ़।** यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने एक सराहनीय पहल की।

- कोतवाली पुलिस और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग रक्तदान शिविर

यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन और निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग एवं पैथोलाजिस्ट डॉ.स्नेहा वर्मा के देख रेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य ना केवल जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना था बल्कि आमजन को यह संदेश देना भी था कि सड़क सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय सेवा भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। शिविर में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालों में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेश सैनी, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, राजकुमार सेन, ज्ञानेश्वर राजवाड़े, हफीज मेमन, अमित पोद्दार, स्वप्निल सिन्हा, मोहम्मद मुजाहिद, गोकुल शर्मा, गुलाम असगर, सोनाली सिंह, अरूण, नितेश मंडल, राशिद अंसारी, किशन यादव, ऋषभ जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्य के साथ मानव सेवा को भी सर्वोपरि मानते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।



थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि यातायात जागरूकता माह के दौरान पुलिस द्वारा केवल नियमों के पालन की अपील ही नहीं की जा रही बल्कि जनहित से जुड़े कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

## अब तक 7910 क्विंटल धान का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में उपार्जित धान का उठाव कार्य तेज गति और पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जिले में धान उठाव को किसान हित से जोड़कर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। 14 जनवरी को जिले में कुल 22,736 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया, जिसमें से 7,910 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जा चुका है। कछोड़, केल्हारी, कोड़ा, कौड़ीमार, खड़गवां, घुटरा, कठौतिया, नागपुर, बरबसपुर एवं माड़ीसरई उपार्जन केन्द्रों से धान का सुरक्षित परिवहन पूर्ण किया गया है। शेष उपार्जन केन्द्रों में भी परिवहन एवं भंडारण की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा आगामी दिनों में वहां से धान उठाव की गति और अधिक तेज की जाएगी।

## सिद्धबाबा धाम में दो दिवसीय मेले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का दिखा नजारा

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा धाम में आयोजित दो दिवसीय मेले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों और आसपास के जिलों से काफी संख्या में श्रद्धालु सिद्धबाबा के दर्शन व पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक भक्तों की चहल-पहल बनी रही।

मेले के पहले दिन तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर सिद्ध बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। भक्तों ने नारियल, फूल, अगरबत्ती व प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्यदेव की उपासना, दान-पुण्य और तिल-गुड़ के वितरण की परंपरा का भी लोगों ने विधिवत निर्वहन किया। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक और पारंपरिक रंग भी देखने को मिले। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खाने-पीने के स्टॉल और स्थानीय उत्पादों की दुकानों ने मेले को जीवंत बना दिया। ग्रामीण अंचल की लोक संस्कृति की झलक ने मेले की रौनक और बढ़ा दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण, पेयजल, साफ-सफाई और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रही। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते नजर आए।



# अत्याधुनिक आईओएल मास्टर 700 मशीन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक और उल्लेखनीय पहल देखने को मिली, जब श्रीराम हॉस्पिटल एवं आई केयर सेंटर में अत्याधुनिक आईओएल मास्टर 700 मशीन का भव्य उद्घाटन किया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि के रूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे रहे, जिन्होंने फीता काटकर मशीन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. स्वप्निल तिवारी, पूर्व सीएचएमओ डॉ. सुरेश तिवारी, डॉ.विकास पोद्दार, हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अंशुल सिंह, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. स्नेहा, डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. आयुष सिंह, डॉ. नमिता निरंजन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.केपी पटेल, अस्थि रोग डॉ. जायसवाल, अधिवक्ता रमेश सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल सहित हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस नई तकनीक को क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य क्रांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन के पश्चात हॉस्पिटल संचालक डॉ. अंशुल सिंह ने मशीन की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि आईओएल मास्टर 700 नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यंत विश्वसनीय और सटीक जांच प्रणाली है।



शुभारंभ करते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे।

# पूर्व विधायक कमरो ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे दो आदिवासी शिक्षकों की बर्खास्तगी के मामले में पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्य सचिव छग शासन, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग तथा आयुक्त सरगुजा संभाग को पत्र प्रेषित कर हस्तक्षेप की मांग की है।



- आदिवासी शिक्षकों को बर्खास्त करने का मामला

पूर्व विधायक श्री कमरो द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार 19 फरवरी 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम साल्ही में निर्वाचन सामग्री वितरण के दौरान नियुक्त कर्मचारियों के संबंध में एक प्रकरण सामने आया। इस दौरान सहायक शिक्षक अशोक कुमार सिंह शासकीय प्राथमिक शाला हर्राटोला एवं सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चुकतीपानी अभय कुजूर विकासखंड मनेन्द्रगढ़ पर कथित रूप से मदिरा सेवन कर निर्वाचन कार्य क्षेत्र में उपस्थित होने का आरोप लगाया गया और आरोप के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला एमसीबी द्वारा दोनों शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की गई। पूर्व विधायक ने इस कार्रवाई को कठोर और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि आदिवासी समाज की सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों में कुछ अवसरों पर पारंपरिक रूप से सेवन किया जाता है तथा कई बार पूर्व रात्रि में सेवन की गई मदिरा की गंध अगले दिन तक रह जाती है, जिसे गलत रूप से मदिरा सेवन का प्रमाण मान लिया जाता है, ऐसी परिस्थितियों में बिना समुचित जांच, सुनवाई और सुधार का अवसर दिए सीधे सेवा से पृथक किया जाना न्यायसंगत नहीं है।

## गोयनी के गायघाट में संक्रांति मेला शुरू

**सोनहत।** सुदूर वनांचल ग्राम गोयनी के गायघाट में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 14 जनवरी से दो दिवसीय संक्रांति मेला का आयोजन किया गया है। मेले में विकासखंड स्तर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यह मेला छग एवं मध्यप्रदेश की सीमा पर आयोजित होने के कारण दोनों प्रदेशों से श्रद्धालु, ग्रामीण एवं व्यापारी काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं, इससे मेला स्थल पर विशेष चहल-पहल बनी हुई है। मेले में विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुएं, खिलौने, खान-पान एवं दैनिक उपयोग की सामग्रियों की दुकानों में अच्छी बिक्री हो रही है, इससे व्यापारियों में उत्साह देखा जा रहा है।

## संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** अभा वनवासी कल्याण आश्रम के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 जनवरी को दोपहर 11 बजे से एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास मनेन्द्रगढ़ में संपन्न होगा। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मकर संक्रांति के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को केन्द्र में रखते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक समरसता को दर्शाने वाले आयोजन आकर्षण का केन्द्र रहेंगे, इसके साथ ही कुबेर जी के लड्डुओं की नीलामी भी आयोजित की जाएगी।

## महिला समता मंच का पारंपरिक पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर महिला समता मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी रविवार को हाई स्कूल ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पारिवारिक और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में बच्चे, युवा, महिलाएं और परिवार सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। आयोजन का उद्देश्य मकर संक्रांति के पर्व को सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाना तथा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना है। आयोजन समिति ने नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी पतंग और मांझा स्वयं लाना होगा। केवल साधारण सूती मांझे का ही उपयोग मान्य होगा। चाइनीज मांझा या किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित मांझा पूर्णतः वर्जित रहेगा। यदि कोई प्रतिभागी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। प्रतियोगिता का अंतिम निर्णय आयोजक समिति द्वारा लिया जाएगा।

## सोनहत में खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर

**सोनहत।** आयुष विभाग छग द्वारा सोनहत बाजार विकासखंड सोनहत में खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन तक आयुष चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करना, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजन सहित सभी वर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करना रहा।

### ग्रामीण परिवार को काम मांगने का वैधानिक अधिकार अब खत्म

# बचरापोड़ी में गूंजा कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/बचरापोड़ी

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गुरूवार को पंचायत स्तरीय पदयात्रा निकाली गई, जिसकी शुरूआत ग्राम तमजीरा से बचरापोड़ी के साप्ताहिक बाजार में आयोजित विशाल आमसभा के साथ समापन हुआ।

आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए वीबी जीरामजी अधिनियम को मनरेगा को खत्म करने की सोची-समझी साजिश बताते हुए इसे श्रमिक विरोधी और काला कानून करार दिया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की वैधानिक आत्मा को समाप्त कर दिया है। यह कदम महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकार आधारित कानून के रूप में लागू था, जिसके तहत हर ग्रामीण परिवार को काम मांगने का वैधानिक अधिकार था और 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य था, लेकिन नया कानून इसे एक कंडीशनल और केन्द्र-नियंत्रित प्रशासनिक योजना में बदल देता है, जिसे चलाना या बंद करना पूरी तरह सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि राज्यों पर डाला गया 50,000 करोड़ का बोझ केन्द्र सरकार ने मनरेगा में अपनी वित्तीय हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है। इसके चलते राज्य सरकारों पर लगभग 50,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। पहले जहां केन्द्र सीधे फंड जारी करता था, अब राज्यों को पहले 40 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केन्द्र का हिस्सा मिलेगा। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्यों के लिए यह असंभव है, जिससे योजना धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि काम रोकने का नया रास्ता, मजदूरों को भूखा रखने की साजिश पहले मनरेगा के तहत सरकारी आदेश से कभी काम नहीं रोका जा सकता था, लेकिन नया सिस्टम हर साल तय अवधि में जबरन रोजगार बंद करने की अनुमति देता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े, हेमसागर यादव, नरेश जायसवाल, गणेश राजवाड़े विकाश श्रीवास्तव जाग्रत कुर्रे, कलावती मरकाम, फरोग, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, बसंत सिंह, एजाज गुड्डू, एसएन मोदी, रामकुमार यादव, कुंवर साय काफी संख्या में कांग्रेसी पंचायत स्तर जनसंपर्क पदयात्रा और आमसभा में मनरेगा श्रमिक, महिला मजदूर, पंचायत प्रतिनिधि और कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# एआईसीसी सचिव ग्राम नगर पहुंची

**नगर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्राम नगर में एआईसीसी सचिव एवं छग प्रभारी जरिता लैतफलांग का गरिमामय आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों और ग्रामीणजन से सीधा संवाद किया और बताया कि कैसे मोदी सरकार वीबीजी रामजी जैसे काले नियमों के जरिए गरीबों के काम के अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है।

ग्रामीणों को बताया कि मोदी सरकार सुधार के नाम पर जो नया बिल लाई है, वह असल में गरीबों के लिए। 100 से 125 दिन काम देने की बात सिर्फ एक चुनावी चालाकी है। हकीकत यह है कि पिछले 11 सालों में मोदी सरकार औसत 38 दिन भी काम नहीं दे पाई है। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गइं। प्रभारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए कमर कस कर मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि पंचायत स्तर पर इस आंदोलन को और भी तेज करना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, महामंत्री बृजवासी तिवारी, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, अजीत लकड़ा, सुरेश सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, साहब अख्तर, राजेश पैकरा, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, चांदनी सोनी, मुख्तार अहमद, धीरज सिंह, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, सुमन दुबे, प्रदीप राजवाड़े, गणेश राजवाड़े एवं ग्राम पंचायत नगर के ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष का स्वागत

**सीतापुर।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष अनिल निराला का नगर आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह चौक में फूल माला एवं गाजे बाजे के साथ नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की। इसके बाद भाजपाइयों द्वारा आयोजित रैली में शहीद भगत सिंह चौक से ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जगह जगह नगर वासियों द्वारा स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद रैली विश्रामगृह परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ने निकाली रैली



**राजपुर।** कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का नीरज तिवारी का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान कमेटी द्वारा नगर में भव्य रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात कार्यकर्ता दरहा बाबा होते हुए गांधी चौक राजपुर पहुंचे, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प-मालाएं अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और कांग्रेस के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करने का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीतम राम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सुनील सिंह शाहिद सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता थे।

### अनुज शर्मा के साथ कृषि मंत्री नेताम ने महामाया मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रामानुजगंज।** विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा के साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कनहर नदी के तट स्थित जिले के प्रमुख आस्था केंद्र मां महामाया मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजन उपरांत कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं विधायक अनुज शर्मा कनहर नदी के तट पर पहुंचे, जहां उन्होंने नदी की प्राकृतिक सुंदरता को निहारा और क्षेत्र की स्वच्छता एवं सौंदर्य की प्रशंसा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड बॉर्डर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा के नेता अश्वनी गुप्ता, पार्षद सिद्धांत यादव, विक्रम गुप्ता, शुभम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गर्भवती गाय की बचाई जान



**धौरपुर।** गर्भवती गाय की जान पर उस समय खतरे में पड़ गया जब बच्चा दानी बाहर निकल गया। गनीमत था की जनपद अध्यक्ष की सूचना पर तत्काल पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और ऑपरेशन कर गाय की जान बचाई। जानकारी के अनुसार लुंड्रा ब्लॉक के ग्राम जोरी निवासी धनेश्वर सिंह के गाय का आज बच्चेदानी बाहर निकल गया था जिससे गाय दर्द से तड़प रही थी। इधर घटना की सूचना पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ने पशु चिकित्सकों को दी साथ ही वस्तुस्थिति के संबंध में बताया। जिस से मौके पर ही धौरपुर एवं लखनपुर के पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और तत्काल गाय का ऑपरेशन कर बच्चे एवं माता दोनों की जान बचाई। गाय और बच्चा दोनों स्वस्थ है। ऑपरेशन पशु चिकित्सक सफदर अली, शिवलाल मिंज, सुरेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

## अभयारण्यों की हर बीट का सर्वे कर रहे वनकर्मी

# हिंसक वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने वन विभाग ने शुरू किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबिकापुर

वन विभाग टाइगर रिजर्व की तर्ज पर सरगुजा वनवृत्त के अभ्यारणों में मौजूद मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने सर्वे प्रारंभ किया है। सर्वे के तहत मैदानी अमला हर बीट का भ्रमण कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का आंकड़ा तैयार करेगा। सर्वे अलग-अलग चार चरणों में संचालित होगा।

**खास बातें**

- वन्य जीव संस्थान करेगा आंकड़े की समीक्षा
- ट्रैप कैमरे से किया जाएगा भौतिक सत्यापन

वन विभाग टाइगर रिजर्व की तर्ज पर सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत तमोर पिंगला अभ्यारण्य, सेमरसोत अभ्यारण्य एवं बादल खोल अभ्यारण्य में मंगलवार को एक साथ अभ्यारण्य के सभी बीटों में सर्वे की शुरुआत की गई। शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने मैदानी अमला 3 किमी क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर मल, मूत्र, पंजे के निशान सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी उपस्थिति का विवरण तैयार कर रहे हैं। शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का जायजा लेने ट्रांजिट लाइन सर्वे किया जा रहा है जबकि मांसाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी की जानकारी जुटाने साइन सर्वे किया जाएगा। प्रथम दिन के सर्वे के दौरान वनकर्मियों को तमोर पिंगला अभ्यारण्य में शाकाहारी वन्य जीवों के साथ ही कई स्थानों पर हिंसक वन्य जीवों के भी पंजे के निशान मिले हैं। सर्वे के दौरान वन अमला ट्रांजिट लाइन में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के वनस्पतियों की भी जानकारी एकत्र कर रहे हैं। वन अधिकारियों के अनुसार प्रारम्भिक सर्वे पूरा होने के बाद उपलब्ध आंकड़े वन्यजीव संस्थान के साफ्टवेयर पर उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरे चरण में वन्य जीव संस्थान के विशेषज्ञ इसकी समीक्षा करेंगे। तीसरे चरण में ट्रेप कैमरे लगाए जाएंगे।



जंगल का भ्रमण करते वनकर्मी।

### जंगल में लगेंगे ट्रैप कैमरे

प्राथमिक सर्वे के उपरांत विभाग वन्य जीवों की मौजूदगी की वास्तविकता संख्या जानने जगह-जगह ट्रैप कैमरे लगाएगा। मापदण्ड के अनुसार हर दो वर्ग किमी क्षेत्र में अलग-अलग दिशा में एक साथ दो ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। इस दौरान निकट से गुजरने वाले मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की तस्वीर ट्रैप कैमरे में कैद हो जाएगी। विभाग द्वारा इसके लिए 300 वीड तैयार किया जाएगा। कैमरे में कैद वन्य जीवों की तस्वीरों के विश्लेषण उपरांत वन्य जीव संस्थान भविष्य की योजना तैयार करेगा। इस योजना में मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन के साथ ही अन्य आवश्यक तथ्यों पर केन्द्रित भविष्य की योजनाएं बनाई जाएगी।

### सभी अभ्यारण्यों में हाथी

शासन द्वारा तमोर पिंगला सहित सरगुजा के अन्य सभी अभ्यारण्यों को एलिफेंट रिजर्व घोषित किया गया है। इन अभ्यारण्यों के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हाथी भ्रमण कर रहे हैं जिसके कारण सर्वेक्षण के दौरान कर्मचारियों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। तीसरे चरण के सर्वे के लिए विभाग को बड़ी संख्या में ट्रैप कैमरों की जरूरत पड़ेगी वन अधिकारियों का कहना है कि विभाग के पास 85 ट्रैप कैमरे उपलब्ध हैं। आवश्यकता के अनुसार गुरुघासीदास नेशनल पार्क से ट्रैप कैमरे मंगवाए जाएंगे अथवा चरणबद्ध तरीके से अभ्यारण्य क्षेत्रों में ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।

### चल रहा है सर्वेक्षण

वन्य जीव संस्थान द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार मैदानी अमला अभ्यारण्यों के हर बीट का भ्रमण कर मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य जीवों की मौजूदगी का आंकड़ा जुटा रहा है। आंकड़े वन्यजीव संस्थान को भेजे जाएंगे। आगामी चरण में ट्रैप कैमरे के माध्यम से वन्य जीवों की उपस्थिति की जानकारी ली जाएगी।

-श्रीनिवास तन्नेटी
उप संचालक, एलिफेंट रिजर्व

### मन की बात पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनने का प्रस्ताव

**अम्बिकापुर।** जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने पीएम मोदी के कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण से जनभागीदारी और जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से पंचायत स्तर पर जनसंवाद एवं जागरूकता अभियान प्रारंभ करने हेतु सरगुजा जिपं सदस्य श्रीमती सिसोदिया द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। श्रीमति सिसोदिया ने जिपं सीईओ सरगुजा को पत्र प्रेषित कर यह सुझाव दिया है कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था प्रबंध करना जनहित में उचित होगा। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि मन की बातकार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय है और इसके माध्यम से प्रधानमंत्री देश की उपलब्धियों के साथ-साथ स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, संस्कृति, नवाचार एवं कल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और प्रेरणादायक रूप में साझा करते हैं। इस कार्यक्रम से समाज के सभी वर्गों-बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग को प्रेरणा और सकारात्मक दिशा मिलती है। मन की बात के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीमति सिसोदिया ने कहा कि पंचायत स्तर पर इस कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण से जनभागीदारी बढ़ेगी, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता सुदृढ़ होगी।



## अग्रसेन स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता



**सूरजपुर।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता अग्रेसन स्टेडियम 13 जनवरी को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला महामंत्री अशोक सिंह रहे। जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता विकासखण्ड से चयनित विभिन्न खेलो में 02 आयु वर्ग के महिलाएं ने भाग लिया। जिला स्तरीय महिला खेलकूद में एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, फुटबॉल और बास्केटबॉल खेलों का आयोजन किया गया।

एथलेटिक्स आयु वर्ग 9-18 वर्ष वाला 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम राजवाड़े, एथलेटिक्स आयु वर्ग 18-35 वर्ष में 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतांजली, 400 मी. 9-18 वर्ष दौड़ में प्रथम स्थान पर खुशी, 400 मी. 18-35 वर्ष दौड़ में प्रथम स्थान पर मानती, खो-खो आयुवर्ग 9-18 वर्ष में प्रथम स्थान पर भैयाथान की टीम द्वितीय सूरजपुर की टीम, खो-खो आयुवर्ग 18-35 वर्ष में प्रथम स्थान सूरजपुर की टीम, द्वितीय स्थान भैयाथान की टीम रही, तवाफेक 9-18 वर्ष में प्रथम स्थान पर सुनैना राजवाडे, 18-35 वर्ष में प्रथम स्थान पर चयाकुमारी, फुटबॉल 9-18 वर्ष में प्रथम प्रेमनगर की टीम, द्वितीय भैयाथन की टीम रही, वॉलीबॉल 9-18 वर्ष में प्रथम भैयाथान, द्वितीय ओडगी की टीम रही, वॉलीबॉल 18-35 वर्ष में प्रथम भैयाथान द्वितीय सूरजपुर की टीम रही, बैंडमिंटन 9-18 वर्ष में प्रथम तनुजा रानी, द्वितीय सोफिया परवीन, बैडमिंटन 18-35 वर्ष में प्रथम सुनैना, द्वितीय नितू, बास्केटबॉल में प्रथम सूरजपुर, द्वितीय प्रेमनगर की टीम ने प्राप्त किया, रस्साकस्सी जुनियर वर्ग मे भैयाथान की टीम प्रथम व द्वितीय स्थान पर ओडगी की टीम, सिनियर वर्ग में प्रेमनगर की टीम प्रथम स्थान पर व द्वितीय स्थान पर भैयाथान की टीम रही। अभार जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डे द्वारा किया गया।इस दौरान सीमांचल त्रिपाठी, राजनाथ, राजलाल प्रजापति, बालेन्द्र साहू, रावेन्द्र वर्मा, सेलिना, सुनैना जायसवाल, बलवीर सिंह, आशीष सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनायास थोपे गए नियमों से लोगों को होना पड़ेगा मताधिकार से वंचित : टीएस

- पूर्व डिप्टी सीएम ने एसआईआर व मनरेगा बचाओं संघर्ष को लेकर ली बैठक



**अंबिकापुर।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने गुरुवार को एसआईआर और मनरेगा बचाओ संघर्ष को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सहित सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को एआईसीसी से जारी हुआ नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी बीएलए अपने-अपने बूथ के बीएलओ के साथ तत्काल संपर्क स्थापित कर प्रभावित होने वाले मतदाताओं की सूची प्राप्त कर बीएलओ के माध्यम से उनके दस्तावेजों को एप में अपलोड कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा अनायास थोपे नए नियमों कारण बडी मात्रा में गरीब और साधन विहीन मतदाता को मताधिकार से वंचित होना पड़ सकता है। चुनाव आयोग का काम प्रत्येक वयस्क को मताधिकार देना है न कि मतदाता सूची में नाम जुडवाने में अवरोध पैदा करना। बता दें कि राजनैतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अंबिकापुर द्वारा यह अनौपचारिक जानकारी दी गई थी कि ए और बी कैटेगरी के ऐसे मतदाता जिनके नाम के अक्षरों का मिलान 2003 की सूची से नहीं हुआ है, ऐसे एक ही पिता नाम से जुड़े 6 से अधिक मतदाता, ऐसे मतदाता जहां पिता पुत्र की आयु का अंतर 15 वर्ष से कम है या 40 वर्ष से अधिक है एवं ऐसे मतदाता जिनके दादा की आयु से अंतर 40 वर्ष से कम हैं जांच के दायरे में है। एसआईआर के प्रक्रिया के प्रारंभ में जारी गाइडलाइन में इन नियमों का उल्लेख नहीं था। पूर्ववर्ती नियम के अनुसार जिस व्यक्ति के स्वयं का नाम 2003 की सूची में था या उसके माता पिता का नाम इस सूची में था, उसे कोई दस्तावेज नहीं देना था, लेकिन नये नियमों को लागू करने के बाद अकेले सरगुजा जिले में लाखों मतदाताओं को दस्तावेज दिखाने पडेंगे। इस काम के लिये 19 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है जो कि अपर्याप्त है। नये गाइडलाइन से बैठक को अवगत कराने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जानकारी दी कि इस विषय में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ही प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य चुनाव आयुक्त को भी पत्र लिख अविलंब जानकारी एवं सूची मांगी गई है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, विक्रमादित्य सिंहदेव, रामविनय सिंह, मो. इस्लाम, सिद्धार्थ सिंहदेव, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, प्रदीप गुप्ता पालू, बलराम यादव, अमित सिंहदेव, विक्रम सिंह, प्रदीप गुप्ता, नारद गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, अनीमा केरकेट्टा, ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।


## बंद पड़ी बलरामपुर खदान को पुनः शुरू कराने प्रबंधन के साथ बैठक बेनतीजा

**बिश्रामपुर।** बंद पड़ी बलरामपुर खदान को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर प्रबंधन और श्रमिक संगठन के बीच चली आ रही खींचतान अब और तेज होती नजर आ रही है। गुरुवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित अहम बैठक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी, जिसके बाद श्रमिक संगठन एचएमएस ने अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। बैठक में प्रबंधन और एचएमएस संगठन के प्रतिनिधियों के बीच लंबी चर्चा हुई। प्रबंधन की तरफ़ से यह आश्वासन दिया गया कि बलरामपुर खदान को अप्रैल माह तक पुनः चालू कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और इस संबंध में श्रमिक संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र को कोल मुख्यालय भेज दिया गया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि खदान संचालन को लेकर उच्च स्तर पर विचार चल रहा है, हालांकि एचएमएस संगठन इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं दिखा। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय और समयबद्ध कार्रवाई चाहिए,इसी कारण संगठन ने अपने चरणबद्ध आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया है,इसके तहत आज 16 जनवरी से क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने की बात कही गई है,बैठक में प्रबंधन की तरफ़ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह, कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे और हरेंद्र तिवारी मौजूद रहे, वहीं श्रमिक संगठन की ओर से रामाशीष पाल, देवेंद्र मिश्र, परमजीत सिंह, लखन कुर्रे, नरेंद्र सिंह चौहान, अरविंद सिंह, शिवाकांत मिश्र और शैलेन्द्र सिंह ने संगठन का पक्ष रखा। गौरतलब है कि इससे पहले 9 जनवरी को भी एचएमएस संगठन ने बलरामपुर और कुमदा की बंद खदानों को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था।बावजूद इसके अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आने से श्रमिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।बलरामपुर खदान का संचालन बंद रहने से न सिर्फ श्रमिकों के रोजगार पर असर पड़ा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं




## साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमित को मिला युवा रत्न सम्मान

**अंबिकापुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर रायपुर में आयोजित समारोह में सरगुजा जिले के अमित यादव को युवा रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमित को साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुज़ा के सहायक संचालक ने बताया कि जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संगठन की अनुशंसा कर शासन को भेजा गया। जिसमें सरगुजा जिले से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अम्बिकापुर घुटरापारा निवासी अमित यादव को राज्य स्तरीय समिति के द्वारा चयन किया गया। 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा 1 लाख नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अजीत वसंत ने अमित को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि 26 वर्ष की उम्र में अमित यादव ने ना सिर्फ लेखन किया, बल्कि लेखन के जरिए अपनी पहचान बनाई और छत्तीसगढ़ सरकार से सम्मान पाया है। अमित ने बताया कि उन्होंने लिखने का शुरुआत वर्ष 2017 में की थी। कक्षा 12वीं की पढ़ाई करते हुए बड़े-बड़े लेखकों की रचनाओं को देखकर उन्होंने लेखन का निर्णय लिया। अमित के पिटा जल जीवन मिशन के पानी टंकी में नाईट ड्यटी करते है।



## हेल्थ/बिजनेस प्लस

### लाइफ लाइन हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जरी की सुविधा

**अंबिकापुर।** शहर के लाइफ लाइन हॉस्पिटल में अब न्यूरो सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। 14 जनवरी को एकादशी के शुभ अवसर पर लाइफ लाइन हॉस्पिटल, अंबिकापुर में न्यूरोसर्जरी ऑपरेशन थिएटर का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम पूजा-अर्चना के साथ एक सादे एवं गरिमापूर्ण समारोह में संपन्न हुआ। न्यूरोसर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन न्यूरोसर्जन डॉ. नितेश दुबे के पिता वीरेंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉ. अमित असाटी, डॉ. नितेश दुबे, सीए श्रीमती पूजा पांडे एवं विवेक दुबे उपस्थित रहे।



### स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा एक्सयूवी 7 एक्सओ और एक्सयूवी 9 एस की भव्य लॉन्चिंग



**अंबिकापुर।** सरगुजा में स्टार ऑटोमोबाइल्स द्वारा 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर होटल माखन बिहार में एक्सयूवी7एक्सओ और एक्सयूवी9एस की भव्य लांचिंग की गई। स्टार ऑटोमोबाइल्स के सीईओ उदय नारायण सिंह ने बताया कि एक्सयूवी7एक्सओ महिंद्रा की नई बहुप्रतीक्षित एक्सयूवी है। यह डीजल व पेट्रोल ऑटोमैटिक मैनुअल एवं 11 रंगों में उपलब्ध है इसकी शुरुआती किमत 13.66 लाख है। साथ ही एक्सयूवी9एस की शुरुआती कीमत 19.95 लाख से है। यह गाडी 6 रंगों में उपलब्ध है। यह गाड़ी बैटरी से चलने वाली है जो कि एक सिंगल चार्ज पर 500 किलोमीटर चलेगी। लॉन्चिंग के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज, भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया सहित बहुत संख्या में गणमान्य नागरिक, बैकंर, फाईनेसर, एवं संस्था के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार स्टार ऑटोमोबाइल्स के सीईओ उदय नारायण सिंह व संचालन नीतेश चौहान की टीम ने किया। लांचिग के दौरान 6 गाड़ियों की बुकिंग भी प्राप्त की गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

